उत्तराखंड से हुई देश की पहली हिमालयी एयर सफारी की शुरूआत

चर्चा में क्यों

16 दिसंबर, 2023 को देश की पहली हिमालयी एयर सफारी की शुरूआत उत्तराखंड से की गई। जायरोकॉप्टर एडवेंचर शुरू करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य बन गया है।

प्रमुख बिंदु

- विदित हो कि हरिद्वार के बैरागी कैंप में जायरोक्राप्टर की उड़ान का सफल ट्रायल किया गया, जिसमें डीएम हरिद्वार धीरज सिंह गर्ब्याल ने उड़ान भरी।
- प्रदेश में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने की यह अनोखी पहल है। जायरोकॉप्टर से एयर सफारी के लिए पर्यटन विभाग को डीजीसीए की मंज़ूरी मिल गई है।
- उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद राजस एयरो स्पोर्ट्स एवं एडवेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से प्रदेश में जायरोकॉप्टर से एयर सफारी शुरू करेगा। एक सीट एयरोकॉप्टर से पर्यटक हवा में रोमांच करने के साथ ही हिमालय और प्राकृतिक सौंदर्य को करीब से निहार सकते हैं।
- पर्यटन विकास परिषद के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी अश्वनी पुंडीर ने बताया कि जायरोकॉप्टर से प्रदेश के अनछुए पर्यटन स्थल तक पर्यटक आसानी से पहुंच सकेंगे। साथ ही हिमालय, पर्वतमाला, नदियों के हवाई दृश्य का आनंद ले सकते हैं।
- सिंगिल सीटर एयरोकॉप्टर को जर्मनी से खरीदा गया है। इससे साहसिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। शनिवार को हरिद्वार में जायरोकॉप्टर का ट्रायल किया गया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/country-s-first-himalayan-air-safari-started-from-uttarakhand